C M Y K

जयपुर ■ सीकर ■ अजमेर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक अपना अखबार

# मॉर्निंग न्यूज़

वर्ष 19 अंक : 346 ₹ 4.00 पृष्ठ-8

www.morningnewsindia.com

जयपुर
शनिवार 27 अप्रैल, 2024

'स्वयं की उन्नति में अधिक समय देंगे तो दूसरों की निन्दा करने का समय ही नहीं मिलेगा।'



पेज 8 | स्पोर्ट्स

गलत तरीके से बने घर-दुकान तोड़ेगा निगम | 3

## लोकसभा आम चुनाव-2024 का दूसरा चरण संपन्न

# राजस्थान में 13 सीटों पर 65 प्रतिशत वोटिंग गर्मी के बावजूद मतदाताओं में उत्साह

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व सीएम गहलोत के बेटे वैभव, वसुंधरा के बेटे दुष्यंत सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह और कैलाश चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी सहित कई दिग्गजों का भाग्य ईवीएम में बंद

### बाड़मेर में विधायक और आईजी के बीच हुई नोंक-झोक, हरीश चौधरी ने दिया धरना, टोंक में टॉर्च की रोशनी में मतदान, फर्जी वोटिंग को लेकर भाजपा प्रत्याशी का हंगामा, जोधपुर में पोलिंग बूथ का वीडियो बना रहे कॉन्स्टेबल को पीटा

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में लोकसभा चुनाव-2024 के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 सीटों पर वोटिंग संपन्न हो गई। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान पूरा हुआ। तेज गर्मी में वोटिंग के लिए मतदाताओं में भारी उत्साह दिखाई दिया। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार राजस्थान में शाम 6 बजे तक 65 प्रतिशत वोटिंग हुई। ये वोटिंग पहले चरण से ज्यादा हो गई है। बाड़मेर सीट पर सबसे ज्यादा 74.25 फीसदी वोट पड़े। बांसवाड़ा सीट पर 72.77 फीसदी मतदान हुआ। पहले चरण में 12 सीटों पर 57.87 फीसदी वोटिंग हुई थी। दूसरे चरण वाली 13 सीटों पर 2014 में 64.36 प्रतिशत और 2019 में 67.75 प्रतिशत मतदान हुआ था। जोधपुर,



बाड़मेर, पाली, जालोर, राजसमंद, अजमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, बांसवाड़ा, टोंक-सवाई माधोपुर, कोटा, झालावाड़-बारां सीट पर मतदान हुआ। इसके साथ ही लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, पूर्व सीएम अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत, वसुंधरा राजे के बेटे दुष्यंत सिंह, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीपी जोशी सहित कई दिग्गज नेताओं का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार बाड़मेर में निर्दलीय उम्मीदवार रविंद्र सिंह भाटी और कांग्रेस » शेष पृष्ठ 6 पर

## दूल्हा-दुल्हन ने भी फेरों से पहले किया मतदान

राजस्थान में लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में 13 सीटों के लिए शुक्रवार को मतदान हुआ। कोटा के भवानी मंडी में रावण ने सभी का ध्यान खींचा। रावण के गेटअप में कलाकार दिनेश दिलवाले लोगों से वोट देने की अपील कर रहे थे। कहीं बूथ पर घोड़ी चढ़कर आए दूल्हों ने वोट डाला तो कहीं दर्द से कराहते बुजुर्ग मतदान करने पहुंचे। प्रदेश की 13 सीटों पर वोटिंग के दौरान ऐसे ही रोचक तस्वीरें सामने आईं। जिस तस्वीर ने मन को छू लिया, वह भीलवाड़ा और बांसवाड़ा से आई। यहां वोट डालने आई महिला ने मतदान » शेष पृष्ठ 6 पर



# दूसरे फेज में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग संपन्न

### त्रिपुरा में 78.63 प्रतिशत मतदान, महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम 54 फीसदी वोटिंग



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 18वीं लोकसभा के चुनाव के लिए सेकेंड फेज में शुक्रवार को 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर वोटिंग हुई। त्रिपुरा में सबसे ज्यादा करीब 78.63 प्रतिशत वोटिंग हुई। महाराष्ट्र, बिहार और उत्तर प्रदेश मे सबसे कम करीब 54 प्रतिशत के आसपास मतदान हुआ।

मणिपुर के उखरुल से एक वीडियो सामने आया, जिसमें कुछ संदिग्ध एक बूथ के अंदर घुस आए। कांग्रेस ने लोकतंत्र हाईजैक होने का आरोप लगाया। इससे पहले, छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में बूथ पर ड्यूटी के दौरान एक पुलिसकर्मी ने खुद को गोली मार ली। वह मध्यप्रदेश का रहने वाला है। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बंगाल की दो लोकसभा सीटों बालूरघाट और रायगंज में सेंट्रल फोर्सेस महिलाओं को वोटिंग से रोक रही हैं। बालूरघाट में बंगाल भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार और तृणमूल वर्कर्स के बीच झड़प भी हुई। सेकेंड फेज में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, 5 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व सीएम और 3 फिल्मी सितारे मैदान में हैं। इसके अलावा राहुल गांधी, शशि थरूर और हेमा मालिनी की सीट पर भी वोटिंग हो रही है। आउटर मणिपुर के कुछ हिस्सों में शुक्रवार को दोबारा वोटिंग हुई। चुनाव आयोग ने इस सीट पर दो » शेष पृष्ठ 6 पर

## एक नजर

### महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी ब्रजभूषण की याचिका खारिज

#### भाजपा सांसद ने दोबारा जांच की मांग की थी, कोर्ट 7 मई को आरोप तय करेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका



खारिज कर दी। बृजभूषण ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन 7 सितंबर 2022 को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की कॉल डिटेल रिपोर्ट की कॉपी भी मांगी है।दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 को बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी।

### जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

**श्रीनगर (एजेंसी)।** उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया।मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन टीआरएफ के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी।

### फलाहारी बाबा को हाईकोर्ट से मिली 20 दिन की पैरोल

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** दुष्कर्म के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहा स्वामी कौशलेंद्र प्रपन्नाचारी यानि फलाहारी बाबा करीब 7 साल बाद अब जेल से बाहर आ सकेगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने फलाहारी बाबा को 20 दिन की पैरोल पर रिहा करने के आदेश दिए हैं। जस्टिस इंद्रजीत सिंह और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ फलाहारी बाबा की याचिका पर सुनवाई » शेष पृष्ठ 6 पर

# किसी विधायक-सांसद के फोन टैप नहीं हुए, पीएम मोदी झूठ बोलते हैं : गहलोत

### हमारे बारे में अमेरिका-जर्मनी तक बोल रहे-क्या तमाशा हो रहा?



**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर/जोधपुर**

पूर्व ओएसडी लोकेश शर्मा के आरोपों के बाद राजस्थान में फोन टैपिंग को लेकर सियासत फिर तेज हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने फोन टैपिंग के आरोपों को सिरे से खारिज किया। साथ ही, उन्होंने पीएम मोदी और बीजेपी पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि पीएम झूठ बोलते हैं। गहलोत ने राजस्थान में दो डिजिट में कांग्रेस की सीटें आने का दावा किया है।

जोधपुर के एक होटल में शुक्रवार को पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मीडिया से बातचीत की। उन्होंने कहा कि फोन टैपिंग का कोई मुद्दा नहीं है। जो कहा गया उसका मैं जवाब देना नहीं चाहता हूं। इतना ही कहना चाहता हूं, राजस्थान में किसी पार्टी की सरकार हो। कभी भी एमएलए और एमपी के टेलीफोन टैप नहीं होते। » शेष पृष्ठ 6 पर

#### देश के हालात पर विदेश में आलोचना

*गहलोत ने कहा कि मैं लोगों को आग्रह कर रहा हूं। हाथ जोड़कर आग्रह और आगाह कर रहा हूं। वह तो हमारा फर्ज बनता है। यह चुनाव इतने खतरनाक मोड़ पर चल रहा है कि दो-दो मुख्यमंत्री जेल में बैठे हुए हैं। कांग्रेस के बैंक खाते सीज कर दिए। हमारे बारे में संयुक्त राष्ट्र संघ बोल रहा है। अमेरिका जर्मनी बोल रहे हैं कि देश में क्या तमाशा हो रहा है? संयुक्त राष्ट्र का बोलना बहुत महत्व रखता है।*

*अब वो सब बोल रहे हैं इलेक्टोरल बॉन्ड का घोटाला है। वित्त मंत्री सीतारमण के पति खुद इकोनॉमिस्ट हैं। बोल रहे हैं यह घोटाला देश का नहीं दुनिया का है। इस माहौल में चुनाव हो रहे हैं। दोनों मुख्यमंत्री जेल में बैठे हुए हैं। आप इसे हल्के में नहीं ले सकते हैं।*

# प्रदेश में वोटिंग प्रतिशत बढ़ना बीजेपी के पक्ष में : मुख्यमंत्री भजनलाल

### सीएम बोले-जनता ने पीएम मोदी के विश्वास पर वोट किया, प्रदेश कार्यालय में लिया फीडबैक

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर**

राजस्थान में शुक्रवार को दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के बाद सभी 25 सीटों पर चुनाव संपन्न हो गए। दूसरे चरण की 13 सीटों पर वोटिंग खत्म होने के बाद शुक्रवार को सीएम भजनलाल शर्मा बीजेपी कार्यालय पहुंचे। यहां सीएम ने चुनाव में लगी टीम से फीडबैक भी लिया।

इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वोटिंग कैसी भी हो, वो बीजेपी के पक्ष में हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता का मूड अच्छा है। उन्होंने पीएम मोदी के विश्वास पर वोट किया हैं। सीएम ने कहा कि मैं प्रदेश



की जनता को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने बढ़चढ़कर मतदान में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने दुनिया मे देश का गौरव बढ़ाने, भ्रष्टचार और तुष्टीकरण रोकने, देश और राजस्थान को विकसित बनाने के लिए वोट दिया हैं।

**सीएम ने चुनाव टीम ने लिया फीडबैक :** सीएम भजनलाल शर्मा ने आज मतदान समाप्त होने के बाद बीजेपी कार्यालय पहुंचकर चुनाव में लगी पूरी टीम से मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने पूरी टीम का आभार भी जताया। प्रदेश में चुनाव के लिए बीजेपी की चुनाव प्रबंधन, कंट्रोल रूम, सोशल मीडिया और आईटी की टीम सहित अन्य » शेष पृष्ठ 6 पर

### शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास में किया गृह प्रवेश

#### हाथ में गणेश की मूर्ति लेकर पत्नी संग पहुंचे, पंडितों को करवाया भोजन

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा अब परिवार सहित सिविल लाइंस स्थित मुख्यमंत्री आवास में शिफ्ट होंगे। सीएम ने शुक्रवार दोपहर 12.15 बजे अभिजीत मुहूर्त में पत्नी गीता शर्मा के साथ सीएमआर में गृह प्रवेश किया। इस मौके पर पंडितों और ज्योतिषाचार्यों ने पूरे विधि-विधान से पूजा-अर्चना करवाई। सीएम की पत्नी ने सिर पर कलश रखकर घर में प्रवेश किया तो सीएम गणेश की प्रतिमा लेकर आए। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार शुक्रवार को राज योग और सर्वार्थ सिद्धि योग के कारण दोपहर 11.58 बजे से 12.50 बजे के बीच अभिजीत मुहूर्त था। मुख्यमंत्री भजनलाल ने इसी मूहूर्त में सीएम पद की शपथ लेने के 133 दिन बाद सीएमआर में गृह प्रवेश » शेष पृष्ठ 6 पर

बैलट पेपर से चुनाव नहीं होंगे | कैंडिडेट की शिकायत पर ईवीएम जांच होगी

# सुप्रीम कोर्ट में ईवीएम-वीवीपैट के 100 प्रतिशत मिलान की मांग खारिज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने बैलट पेपर से चुनाव कराने और इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) और वीवीपैट स्लिप की 100 प्रतिशत क्रॉस-चेकिंग कराने से जुड़ी याचिकाएं खारिज कर दीं, लेकिन एक बड़ा फैसला भी दिया। कोर्ट ने ईवीएम के इस्तेमाल के 42 साल के इतिहास में पहली बार जांच का रास्ता खोल दिया।

जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस संजीव खन्ना की बैंच ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान एकमत से फैसला सुनाया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आम आदमी की वोट देने की प्रोसेस में कोई बदलाव नहीं होगा। वोटर पोलिंग बूथ जाएगा। अंगुली पर स्याही लगेगी। चुनाव अधिकारी कंट्रोल यूनिट का बटन दबाएगा। वोटर बैलट यूनिट में कैंडिडेट के नाम के सामने का बटन दबाएगा




और फिर कुछ सेकेंड तक वीवीपैट की लाइट में अपनी पर्ची देख सकेगा।

**राजनीतिक पार्टियों और कैंडिडेट्स के लिए रास्ता खुला :** सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद राजनीतिक पार्टियां और कैंडिडेट्स के लिए » शेष पृष्ठ 6 पर

### नोटा को ज्यादा वोट तो चुनाव रद्द करने की याचिका पर ईसी को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने नोटा से जुड़ी एक याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका शिव खेड़ा (मोटिवेशनल स्पीकर और यू कैन विन के लेखक) ने लगाई है। इसमें चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। पिटीशन के मुताबिक, अगर नोटा (नन ऑफ द अबव) को किसी कैंडिडेट से ज्यादा वोट मिलते हैं तो उस सीट पर हुए चुनाव को रद्द कर दिया जाए और नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच शुक्रवार को शिव खेड़ा की याचिका पर सुनवाई करने के » शेष पृष्ठ 6 पर

### जमानत रद्द करने के खिलाफ 11 ट्रेनी एसआई और 1 कॉन्स्टेबल एससी पहुंचे

#### शीर्ष अदालत ने कहा-हाईकोर्ट एक मई से सप्ताहभर में सुनवाई पूरी कर फैसला करें

**मॉर्निंग न्यूज @ जयपुर।** एसआई भर्ती मामले में गिरफ्तार 11 ट्रेनी एसआई और एक कॉन्स्टेबल सहित 12 आरोपियों की हाईकोर्ट के जमानत रद्द करने के फैसले के खिलाफ शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को निर्देश दिया है कि वे 1 मई से एक सप्ताह के अंदर सुनवाई पूरी करके फैसला दें। आरोपियों ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी लगाकर हाईकोर्ट के 15 अप्रैल के आदेश को चुनौती दी थी। दरअसल, जयपुर मैट्रो-द्वितीय की सीएमएम कोर्ट ने आरोपियों को 12 अप्रैल को जमानत देने का आदेश दिया था। इसके खिलाफ सरकार हाईकोर्ट गई थी। हाईकोर्ट ने 15 अप्रैल को सुनवाई के बाद सीएमएम के आदेश पर » शेष पृष्ठ 6 पर